

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने समस्त जिलेवासियों को दीपावली की दी शुभकामनाएँ

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समस्त जिलेवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दीपावली का यह पावन पर्व आपके परिवार के जीवन में अपार खुशियां, सुख-समृद्धि और नवीन ऊर्जा का संचार करे। इस पावन पर्व पर आप सभी पर्यावरण का ध्यान रखते हुए सुरक्षित पटाखों का प्रयोग करें।

### बीज / उर्वरक / कीटनाशक के पक्के बिल अवश्य लें कृषक

**मण्डला।** उपसंचालक कृषि कल्याण ने जिले के समस्त कृषकों से अपील की है कि बीज / उर्वरक / कीटनाशक पंजीकृत लाइसेंसधारी विक्रेताओं से अदान सामग्री क्रय / खरीदने के उपरान्त संम्बधित से पक्का बिल लें। वर्तमान में रबी सीजन चालू होने वाला है जिले में लगभग 1.61 लाख हेक्टर. में गेहूं, चना, मसूर, राई / सरसों एवं अन्य रबी फसलों की बोनी की जानी है। जिले में नवाचार के रूप में चिया / किनोवा के फसल प्रदर्शन के लिए लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इच्छुक कृषक एक एकड़ गेहूँ के बदले तीन सिंचाई क्षमता होने पर फसल प्रदर्शन अनुदान पर संम्बधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी / कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त करें।

### एकीकृत शाला बिंझिया में दिवाली की धूम

**मण्डला।** एकीकृत शासकीय हाईस्कूल बिंझिया में दीपोत्सव कार्यक्रम हर्ष उल्लासपूर्वक मनाया गया। प्राचार्य श्री मुकेश पांडे के कुशल निर्देशन में दीपावली की तैयारी साफ-सफाई के साथ प्रारंभ हुई। सभी बच्चों ने अपने घरों से एक-एक दीपक डेकोरेट करके स्कूल में जमा किया। बच्चों ने रंगोली डालकर स्कूल को सजाया। मुख्य द्वार एवं अन्य द्वारों पर तोरण लगाए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ माता लक्ष्मी, माता सरस्वती एवं गणेश जी के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात दीपक प्रज्वलित किए गए। फुलझड़ी एवं अनारदाना जलाए गए।

**जिसका जहां मन आता लग जाते हैं होर्डिंग्स, फ्लेक्स**

# फ्लेक्स, होर्डिंग्स के लिये क्या नियमावली





*** कौन से वैद्य एवं कौन से होर्डिंग्स हैं अवैध।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आज के समय में विज्ञापन का सबसे सस्ता एवं सबसे बढ़िया साधन हैं फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स ये न केवल व्यापार चमकाने के लिये बल्कि अपनी झांकी भी चमकाने के लिये इन्हीं का उपयोग हो रहा है लेकिन इन फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स को कहां लगाना हैं कैसें लगाना हैं इसके लिये कोई नियमावली होगी ही।

देखा जा रहा है कि जिसे जहां जगह मिलती है वहां पर फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स लगा देता है फिर चाहे वह घर की दीवार हो, दुकानों एवं ईमारतों की छतें हों, कार्यालयों की चाहरदीवारी हो या फिर चौराहों के किनारे की जगह। अब तो नगरीय क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस तरह के फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स बहुतायत में देखे जा रहे हैं।

ये फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स जिन्होंने लगवाया है ये उनकी संपत्ति हैं या फिर कोई विज्ञापन एजेंसी यह काम कर रही है इसकी अनुमति क्या नगरपालिका प्रशासन देता है या फिर ग्राम पंचायत के माध्यम से अनुमति दी जाती है यदि ये संपत्तियाँ किसी व्यक्ति विशेष की हैं तो क्या उसे इनसे होने वाली आमदानी प्राप्त करने का अधिकार है और यदि किसी विज्ञापन एजेंसी की है तो उसे अनुमति किसके माध्यम से मिली और किन दिशा-निर्देशों के तहत मिली। इन फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स से सरकार को क्या राजस्व प्राप्त हो रहा है और कौन सी फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स वैध है और कौन सी अवैध कौन तय करता है और किस आधार पर तय करता है।

देखा जा रहा है कि नेहरू स्मारक में एक ओर की होर्डिंग्स को निकालकर अलग कर दिया है यह किसके आदेश पर किया गया क्या ये होर्डिंग्स अवैध थी यदि अवैध थी तो फिर अभी तक लगी कैसें रही और यदि वैध थी तो अब उन्हें क्यों हटा दिया गया।

देश के कई हिस्सों में इस तरह की होर्डिंग्स से बड़ी-बड़ी दुर्घटनायें हो चुकी हैं प्रतिकूल मौसम में इनका खतरा और बढ़ जाता है क्या कोई यह तय करने वाला है कि इनको लगाने के सुरक्षा मापदण्ड क्या हैं छतों एवं ऊंचे स्थानों पर फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स से किसी को नुकसान न पहुंचे इसकी जांच कौन करता है और किन मापदण्डों के तहत करता है। इसको लेकर कोई भी नियमावली सार्वजनिक नहीं की गईहै यदि यह सब कुछ नगरपालिका प्रशासन या ग्राम पंचायतों के माध्यम से होता है तो क्या इसके लिये कोई टेण्डर या निविदा जारी होती या फिर जिसे जब मन चाहा यह सुविधा प्रदान कर दी जाती है।

यदि इन फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स से नगरपालिका प्रशासन या ग्राम पंचायत को किसी तरह का राजस्व प्राप्त होता है तो वह कितना होता है किस अनुपात पर होता है और यदि इन फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स से कोई दुर्घटना होती है तो क्या उसके लिये फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स लगाने वाला जिम्मेदार होगा या फिर नगरपालिका प्रशासन के सिर माथे यह जिम्मेदारी मढ़ी जायेगी।

### इनका कहना है:-

*नगर में लगी फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स के लिये नगरपालिका प्रशासन द्वारा अनुमति एवं दिशा-निर्देश तय किये जाते हैं जिनकी होर्डिंग्स होती है उन्हें वर्ष में नवीनीकरण कराना पड़ता है जहां तक छतों एवं ऊंचे स्थानों पर होर्डिंग्स का सवाल है तो इसकी अनुमति नगरपालिका प्रशासन नहीं देता और जो सड़कों पर फ्लेक्स लगे हैं उन्हें समय-समय पर हटाया जाता है।*

***मुख्य नगरपालिका अधिकारी मण्डला***








## ग्राम रसैयादोना में जुआ फड़ पर आठ जुआरी गिरफ्तार



*** 15,600 रूपये और ताश के पत्ते जब्त।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले में अवैध जुआ और सट्टा गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए थाना कोतवाली पुलिस लगातार सतर्क है। इसी क्रम में 19 अक्टूबर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रसैयादोना के पत्ता गोदाम के पीछे जंगल में कुछ लोग मोबाइल की हैं। रोशनी में ताश के 52 पत्तों पर रुपये पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

सूचना मिलते ही थाना कोतवाली की पुलिस टीम में आरक्षक दिनेश झारिया, शेखर बनोटे, राजकुमार, मृदूल, प्रियांश पाठक, चालक आरक्षक ब्रजेश उईके तथा प्रायवेट वाहन चालक राहुल वर्मा शामिल होकर तुरंत मौके पर पहुंची। जंगल में पत्ता गोदाम के पीछे जुआ खेलते हुए आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में बंटू भारतीया (30 वर्ष) निवासी देवरीदादर, अंकित चंद्रौल (27 वर्ष) निवासी बड़ी खैरी, कमलेश उईके (28 वर्ष) निवासी रसैयादोना, राजेश डेहरे (35 वर्ष) निवासी रसैयादोना, सुनील बंदेवार (28 वर्ष) निवासी कंपोस कॉलोनी मंडला, सुकलसिंह सैय्याम (29 वर्ष) निवासी बुदबुदिया, राजकुमार कछवाह (48 वर्ष) निवासी बड़ी खैरी और राजा उर्फ राजकुमार मरकाम (38 वर्ष) निवासी आमानाला शामिल।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15,600 रूपये नकद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए। जप्ती की कार्रवाई गवाहों की उपस्थिति में की गई। आरोपियों का कृत्य धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत पाया गया, और उन्हें धारा 35(3) बी.एन.एस.एस. के तहत नोटिस जारी किया गया, क्योंकि इस अपराध में सात साल तक की सजा का प्रावधान है।

कोतवाली पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके और समाज में अवैध जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाया जा सके।




# दीपों का पर्व दीपावली आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

दीपावली एक ऐसा पर्व जिसे क्या आम और क्या खास सभी मनाते हैं और पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। दीपावली के पूर्व ही घरों की साफ-सफाई एवं रंगरोगन कर उन्हें सजाया जाता है यही प्रक्रिया दुकानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को लेकर भी की जाती है धनतेरस पर जहां नई वस्तुयें खरीदने का रिवाज है तो वहीं दीपावली पर लक्ष्मी गणेश का पूजन कर समृद्धि की कामना की जाती है। लक्ष्मी पूजन के बाद बच्चे एवं बड़े शानदार आतिशबाजी का आनंद उठाते हैं। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहता है और फिर आधी रात के बाद अहीरों की टोली देवों को जगाने निकल पड़ती है बाजे-गाजों के साथ ये अहीर अपने पारम्परिक परिधान पहने हुये लोगों के घरों में जाते हैं और अंदर प्रवेश कर देवों को जगाने का कार्य करते हैं यह सिलसिला भोर होते तक जारी रहता है।

दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की जाती है घर की महिलायें घरों के आंगन में गोबर से गोवर्धन भगवान की आकृति का निर्माण करती हैं और सामूहिक रूप से उनकी पूजा करती हैं जिन घरों में गौवंश पले होते हैं उन्हें घर के सदस्यों द्वारा सजाया संवारा जाता है उनकी पूजा की जाती है और उन्हें विशेष व्यंजन खिलाये जाते हैं आम तौर पर इस दिन लगभग सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहते हैं बहुत से परिवार अपने मित्रों के साथ पिकनिक का आनंद उठाने भी निकलते हैं और शाम आते-आते पुनः आतिशबाजी का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है।



### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी बधाई



**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रदेशभर के कमिश्नर एवं कलेक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह पर्व सभी के जीवन में समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दीपावली को लेकर प्रदेश में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में किए गए बदलाव के निर्णय से आमजन को त्योहारी खरीदारी में राहत मिली है। उन्होंने बताया कि भाई दूज के अवसर पर बहनों को शगुन की राशि प्रदाय की जाएगी। वीसी के दौरान मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गोवर्धन पूजा, पशुपालन संवर्धन, भावांतर योजना, कोदो–कुटकी की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा किसानों को सोलर पंप पर सब्सिडी सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए।

### एकीकृत माध्यमिक शाला ठरका में मनाया गया दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



एकीकृत माध्यमिक शाला ठरका मंडला, प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी विद्यालय में दीपावली का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय को फूलों तोरणों और दीपों से सजाया। छात्र-छात्राओं ने बहुत ही सुंदर सुंदर रंगोलियां बनाई साथ -साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए प्रधान अध्यापिका श्रीमती साधना चक्रवर्ती, श्रीमती सारिका पटेल, श्री मयंक पटेल, श्री लक्ष्मी कांत वर्मन शिक्षक शिक्षिका के साथ बच्चों में माता लक्ष्मी और गणेश जी का पूजन-अर्चन किया दीप प्रचलित किए गए बच्चों ने दीपावली के बारे में अपने अपने विचार प्रस्तुत किए, धनतेरस रूप चौदस दिपावली गोवर्धन पूजा और भाई दूज की पौराणिक कथाएं सुनाई गई साथ ही वैज्ञानिक कारण भी बतलाए गए। बच्चों ने दीपावली उत्सव पूर्ण सहभागिता के साथ आनंदपूर्वक मनाया बच्चों को मिठाईयां बांटकर कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं गई। विद्यालय में इस उत्सव को मानने से बच्चों के अन्दर एक नई मुस्कान, रौनक, ऊर्जा और सकारात्मक उत्पन्न हुई।



**अव्यवस्था** | **थोक व्यापारी उड़ा रहे नियमों की धज्जियाँ।**

# बिना बिल के हो रही फटाकों की बिक्री

*** सुरक्षा मानकों की भी हो रही अनदेखी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





दीपावली के अवसर पर इस बार जिला जेल ग्राउंड स्थित शीतला माता मंदिर कैंपस में लगभग 40 से अधिक दुकानें लगाई गई हैं। रोशनी और रौनक के बीच सुरक्षा के नियमों की अनदेखी गंभीर खतरे का कारण बन सकती है। दुकानों के बीच की दूरी नियमानुसार नहीं रखी गई है, जिससे आग लगने की स्थिति में बड़ा हादसा टाला नहीं जा सकेगा। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि दुकानदारों की ओर से खुद भी कोई ठोस सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं। रेत नाम मात्र के लिए बाल्टियों में भरकर रखी गई है, जो बड़े हादसे से निपटने के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। सूत्रों के अनुसार 1-2 दुकानों को छोड़कर बाकी किसी दुकान में अग्निशामक यंत्र तक नहीं हैं। कई दुकानों पर न तो नाम-पहचान का बोर्ड लगा है और न ही ग्राहकों को बिल दिया जा रहा है।

आतिशबाज़ी और ज्वलनशील वस्तुओं के बीच इस तरह की ढिलाई त्योहार की खुशियों को खतरे में डाल सकती है। हालांकि, नगरपालिका प्रशासन की ओर से एक दमकल वाहन और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, लेकिन मौके पर मौजूद इंतज़ाम दुकानदारों की जिम्मेदारी की तुलना में नाकाफी साबित हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगरपालिका से मांग की है कि दुकानों के बीच उचित दूरी, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और सुरक्षा नियमों के सख्ती से पालन को सुनिश्चित किया जाए, ताकि दिवाली का पर्व उल्लास के साथ सुरक्षित माहौल में मनाया जा सके। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जो थोड़ी बहुत दूरी सुरक्षा नियमों के अनुसार छोड़ी भी गई थी, उस पर अब थोक व्यापारियों ने माल से भरे कार्टून रखवा दीये है। इससे न केवल रास्ते संकरे हो गए हैं बल्कि आग लगने की स्थिति में दमकल वाहन या राहत दल के पहुंचने में भी गंभीर बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसके साथ ही थोक व्यापारी भी फुटकर व्यापारियों के लिए मुसीबत का सबब बन रहे हैं। वे तय सीमा से अधिक माल स्टॉलों पर रखकर न केवल नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, बल्कि आग लगने की स्थिति में जोखिम कई गुना बढ़ा रहे हैं। प्रशासन की ढीली निगरानी और व्यापारियों की

# धनतेरस के बाद आज दीवाली पर फिर सजेगा बाजार, अच्छी ग्राहकी की उम्मीद को लेकर व्यापारियों के खिले चेहरे, दीपों से जगमग होकर घर घर होगी लक्ष्मी की पूजन, हर घर के आंगनों में सजी मनमोहन रंगोली






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

भारतीय संस्कृति की अपार खुशियों, धन की देवी माँ लक्ष्मी की पूजा, अर्चन कर उनका आशीष पाकर प्रसन्नता को हासिल करने वाला दीपावली महापर्व का शुभारंभ बीते हुए शनिवार यानि की धनतेरस के मौके से शुरू हो चुका है। इस प्रकार दीपों का महा पर्व दीपावली धनतेरस होते ही शहरवासियों में उत्साह से दोपोत्सव मनाने का नया उत्साह जाग गया है और शहर की रंगत पूर्णरूप से रंगीन मालाओं से नहाया हुआ दिखाई पड़ रही है। वही आज दीपावली के चलते घरों में बच्चे जहां बच्चें अपने पापा से नये कपड़े, फटाखे, मिठाई खरीदने की हट करते हुए नजर आ रहे है। वही युवाओं द्वारा चार दिन तक मौज मस्ती करने की दीवानगी दिखाई दे रही है। जहां बीते हुये शनिवार को धनतेरस पर दीवाली की शुरूआत होने से ही सुबह से शहर का बाजार सज गया था और दोपहर के बाद बाजार में चहल पहल का माहौल दिखाई दे रहा था। वही नए वस्त्र, आभूषण, मिठाईयाँ, फल, सजावट का सामान, धन की देवी माँ लक्ष्मीजी की तस्वीरें, किराना सामग्री, वर्तन, परप्यूम खरीदने लोगों में होड़ मची हुई थी। इसी प्रकार से आज सोमवार को भारतीय संस्कृति के विशेष पर्व दीपावली हर्षोल्लास से मनाने के लिए जहां पूरी तैयारियाँ देखने मिल रही है तो दूसरी ओर शहर व क्षेत्रवासियों के उत्साह के मद्देनजर बाजार के व्यापारियों ने अपनी दुकानों की निराली साज सज्जा कर ग्राहकों के मन मयूर को नचाने में कोई कसर बाकी नही छोड़ी है। क्योंकि आज दीवाली के मौके पर भी नगर का बाजार जहां पूर्ण सजावट से भरा पूरा रहने की संभावना है तथ लोगों द्वारा आज अपने घरों में शाम के वक्त दीपों से जगमग करते हुए माँ लक्ष्मी का पूजन किया जावेगा। दीवाली के चलते जहां दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों को दुल्हन की तरह सजाया गया है, जिसके चलते वाहन खरीदने युवाओं की भीड़ वाहनों की दुकानों पर उमड़ रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बाजार में इलेक्ट्रानिक सामान की दुकानों पर रंग बिरंगी विद्युत मालाएं, बिजली के दीपक व अन्य आकर्षक चीजे जमकर लोग खरीदते हुए देखे गये। चंद्रमा के प्रतीक माने जाने वाले धनतेरस के बाद आज दीवाली के त्यौहार पर वर्तनों की दुकानों पर तो इतनी भीड़ उमड़ रही थी कि वर्तन विक्रेताओं को ग्राहकों को उनके पसंद के वर्तन देना मुश्किल हो रहा था। बताया जाता है कि इस बार धन तेरस पर स्टील के वर्तनों के आलवा महिलाओं में तांबे, कांसे, पीतल के वर्तन खरीदने के लिए विशेष रूझान देखने मिला। क्योंकि उनका मानना है कि धन तेरस पर पीतल, तांबे के वर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस व दीपावली




पर माँ लक्ष्मी की पूजन सामग्री मौसमी फलो, पुष्पहारों की दुकाने निश्चित लोगों को मन मोहते हुये नजर आ रही है। वही जिस प्रकार से धनतेरस की रात्रि में शहर के गली, मोहल्लों व कालोनियों में हजारों जगमगाते हुए मिट्टी के दीपक शहर की शोभा बढ़ाते हुये नजर आ रहे थें। इसी प्रकार आज भी दीपावली के अवसर पर नगर का नजारा देखने मिलेगा। हिन्दू धर्माबलंबियों ने जहां धनतेरस पर यम को दीपदान किया तथा बच्चों व युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे उमंग, उत्साह के साथ दीपावली मनाकर अपनी खुशियों का इजहार धन तेरस के अवसर पर किया गया था। इसी प्रकार से आज दीवाली की शुभ बेला में भी किया जावेगा। दीपावली की शुभ मुहुर्त को लेकर नगर के ज्योतिषाचायों के अनुसार इस वर्ष दीपावली पर माता लक्ष्मी के पूजन हेतु शुभ मुहुर्त का शुभ संयोग होने के कारण यह पूजन हेतु अत्यंत श्रेष्ठ समय बताया जा रहा है। इस बार दीपावली विशेष शुभ संयोगों में आ रही है, समृद्धि की कामना करने माता लक्ष्मी जी व भगवान श्रीगणेश व कुबेर की पूजन कर सकेगे।

## खबर संक्षेप

### गुड बाजार में जाम लगना बन रहा आमजन के लिये परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** लगभगत 8 साल साल पहले जब सालीचौका ग्राम पंचायत से नगर परिषद की सौगात मिली थी तो लोगों में उम्मीद जागी थी कि शायद अब नगरों की तरह यहां पर विकास की गंगा बहते हुये दिखाई देना शुरू हो जावेगी। मगर नगरवासियों की उम्मीद मात्र एक सपना होते हुये दिखाई दे रही है और हैरत इस बात की है कि सालीचौका के लिये न तो अभी तक व्यवस्थित बस स्टेन्ड की सौगात मिल पाई है और न ही बाजार लगने के लिये उचित जगह का प्रबंध हो पाया है..? इस स्थिति में देखा जा रहा है कि जहां नगर का बाजार मुख्य सड़क पर लगते हुये देखा जा रहा है और हाल यह बना है कि दुकानदारों से लेकर बाजार करने के लिये आने वाले लोगों की जिन्दगी सदा ही खतरे में दिखाई देने से नही चूक पा रही है..? आमजन की परेशानियों की सच्चाई को जब मीडिया द्वारा उजागर करते हुये उच्च स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है तो स्थानीय स्तर के नेताओं में मिर्ची का असर दिखाई देने के साथ यह कहने से नही चूकते है कि अब यहां पर बाजार की व्यवस्थाये बनाने के लिये सरकारी जगह ही नही है तो फिर कहा व्यवस्थाय बनाये...? यह बात निश्चित तौर से उनकी योग्यता सहित उनकी सोच पर सबाल खड़े होने से नही बच पा रहे है..? जबकि सालीचौका की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो यहां पर काफी मात्रा में शासकीय भूमि जहां अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है..। यदि उस भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराई जावे तो निश्चित तौर से नगर के बाजार में काफी हद तक सुधार की स्थिति की उम्मीद की जा सकती है। मगर इस ओर किसी की ओर से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि नगर गुड बाजार में आये दिन जाम के नजारे देखने मिलना आम बात हो चुकी है। क्योंकि सालीचौका में नगर पंचायत के साथ साथ हाई स्कूल, पुलिस चौकी, रेल्वे स्टेशन के साथ साथ अब महाविद्यालय की सौगात भी मिल चुकी है।

### अलग अलग स्थानों पर छापा मारते हुये सटोरियो को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस ने नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में मनीराम पिता हरि ठाकुर निवासी हनुमान वार्ड को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 645 रूपया तो सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा इन्दर पिता बाबू लाल जाटव निवासी सिहोरा के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 274 रूपया व ग्राम खुलरी बस स्टेन्ड के पास अनिल पिता बैनी प्रसाद जाटव के के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 210 रूपया तथा नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में एक महिला के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 5000 रूपया तथा अजय उर्फ अज्जू रजक को भी सट्टा पट्टी काटते हुये पुलिस ने पकडकर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 2240 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से चीचली पुलिस द्वारा भी नगर के खिरका मुहल्ला में आजाद पिता मकबूल खान निवासी खिरका मुहल्ला चीचली के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 1257 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### ताश पत्तों पर हारजीत का दांव लगाते हुये गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** पुलिस द्वारा जुंआरियों के खिलाफ चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ चीचली थाना प्रभारी संग्राम सिंह द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत चीचली के मटन मार्कट के पास छापा डालते हुये मौके से इस्लाम पिता जल्लाद शाह निवासी खिरका मुहल्ला, पीरआली पिता कमर अली निवासी वार्ड क्रमांक 8 चीचली, एफाज पिता रफीक खान मस्जिद मुहल्ला चीचली, आशिफ पिता अली शेर खान निवासी इंदिरा कालोनी चीचली, जाहिद पिता मिठ्ठू खान निवासी ढोगा मुहल्ला चीचली को जुंआ खेलते हुये रंगे हाथों पकड़कर आरोपियों के पास से 52 ताश पत्ते एवं नगदी 6000 रूपया तथा आरोपी जाहिद खान से एक पुरानी हीरो स्पैलेण्डर मोटर साईकिल क्रमांक **MP**28**DA**6824, आरोपी एफाज खान से एक बिना नम्बर की हीरो स्पलैण्डर मोटर साईकिल जिसका चेचिस नम्बर **MPLHAW**238**SHB**49452 एवं आरोपी आसिफ खान से एक सफेद रंग की मारूती सुजुकी इग्निश कार क्रमांक **MP**09**CX**5738 को जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सड़कों पर पड़ी सामग्री से हो रहे आवागमन अवरूद्ध

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** सड़को पर पड़ी निर्माण सामग्री लोगों के आवागमन को अवरूद्ध करते हैं, संकीर्ण चौड़ाई वाले क्षेत्रों में या तो फुटपाथी दुकानदार बैठकर संकीर्णता पैदा करते हैं वही लोगों द्वारा सड़को पर डाली निर्माण सामग्री या गंदगी भी ऐसा अवरोध पैदा करती हैं, सड़कों का इस तरह का उपयोग नई बात नहीं है, हालांकि ऐसा करना वैधानिक भी नहीं है, परंतु कार्यवाही के अभाव में ऐसा किया जाना वैधानिक जैसा लगने लगा है और करने वाले सड़कों पर अपना अधिकार समझने लगे है। जिसका परिणाम है कि सड़कों पर यत्र चत्र निर्माण सामग्री भरी पड़ी रहती है। यह निर्माण सामग्री निजी मकानों की हो या फिर चल रही प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण की मगर नगर में जहां तहां निर्माण कार्य के चलते ठेकेदारो द्वारा डाली गई हो जो आम लोगों के लिए परेशानी का कारण साबित होते हुए देखी जा रही है। इस प्रकार से सड़को पर नियम विरूद्ध डाली जा रही निर्माण सामग्री के चलते जहां सड़क का आधा भाग ऐसी सामग्री के चलते अवरूद्ध रहता है, वहीं शेष आधी सड़क से आने जाने वालों की यातायात हो पाता है ।

# गरीबों के बीच त्यौहार मनाते हुये बसेड़िया द्वारा की जाती है आनंद की अनुभूति

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**





इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि समाज सेवा के लिये शासन द्वारा अनेक एनजीओ से लेकर इस तरह की संस्थाये बनाई गई है जिनमें अनुदान प्रदान किया जाता है। मगर उन समाज सेवी संस्थाओं की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी जो अखबारों की सुर्खियों में छाने से नही चूकते है और इसके बाद कहा क्या हो रहा है शायद ही वह दूसरी बार उस जगह पर पलट कर पहुंचते हुये नही देखे गये होगे..? मगर कुछ लोगों में समाज सेवा करने का इस तरह भूत सबार होता है कि वह बगैर किसी दिखाबा किये बगैर अपने खुद के खर्चे पर इस तरह की समाज सेवा करते हुये देखे जाते है कि मानों समाज सेवा ही उनकी जिन्दगी का उद्देश्य बन चुका है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के समाज सेवी मुकेश बसेड़िया में देखने मिल रही है जो गर्मी का सीजन हो या फिर ठंड सहित बारिश के दौर मौसम के अनुसार लोगों की समाज सेवा में बगैर किसी दिखाबे के जुटे हुये नजर आने से नही चूकते है। समाज सेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा की जाने वाली समाज सेवा सिर्फ शहर या फिर नगर तक सीमित होकर नही रहती है। बल्कि जंगल क्षेत्र के उन गांवों में पहुंचकर लोगों को जरूरी सामग्री प्रदान करते हुये जिन गांवों में शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिये किसी अधिकारी द्वारा अपना पैर रखना तक उचित नही समझा गया होगा और कागजों के भरोसे शासन की योजनाओं को चलते हुये देखा जा रहा है..? इसी का परिणाम है कि शासन की अनेक प्रकार की योजनाये संचालित होने के बाद भी इन गांवों में निवास करने वालो की स्थिति जहां की तहां देखने मिल रही है। मगर समाज सेवी मुकेश बसेड़िया को समास सेवा को भूत इस तरह सबार है कि मानों जंगल क्षेत्र के पहुंच से दूर माने लाने वाले इन गांवों में रहने वालों के लिये समाज सेवा करना अपनी जिन्दगी का उद्वेश्य बना लिया गया है। ठंड का दौर हो या फिर बारिश तथा त्यौहार का सीजन बसेड़िया द्वारा अपनी जिन्दगी को दांव पर लगाते हुये जंगल क्षेत्र के ऊबाड खबड़ रास्तों को पार करते हुये इन ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उन्हें जरूरी सामग्री प्रदान करने के साथ साथ बच्चों के बीच बैठकर खुशी मनाते हुये त्यौहारी सामग्री भी प्रदान करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय जहां लोग दीवाली त्यौहार की तैयारियों को लेकर अनेक प्रकार की सुख सुविधाओं के साधनों की सामग्री खरीदने में मग्न रहते हुये देखे जा रहे है। मगर बसेड़िया द्वारा इस सब कुछ से दूर रहते हुये जंगल क्षेत्र में बीते हुये कुछ दिनों से लगातार अपनी मोटर साईकिल से भ्रमण करते हुये बनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को जहां ठंड से बचने के लिये जरूरी कपड़े व गरीब बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिये फटाखा सहित मिठाई सामग्री वितरण करते हुये देखे जा रहे है। इस संबंध में जब मुकेश बसेड़िया से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि गरीबों की सेवा करने से मेरे दिल को बडी खुशी मिलती है। क्योंकि सेवा के नाम पर लोग शहर में फोटो निकलवाते हुये जरूर देखे जाते है। मगर मुझे तो इन गरीबों की सेवा करने से आनंद मिलता है जो इस जंगल क्षेत्र में रहते हुये न तो वह दीवाली का त्यौहार जानते है और न ही यहां के बच्चें फटाखाओं को पहचानते है कि आखिर रंग गिरंगी फुल्हझडी किस तरह की होती है। जब इस तरह की सामग्री लेकर मैं यहां पर पहुंचता हूं तो इन बच्चों के चेहरे में बिखरने वाली मुस्कान मेरी समाज सेवा के उद्वेश्य को पूरा कर देती है। इसी के चलते बसेड़िया द्वारा अपनी फटफटी पर पटाखा सहित अन्य प्रकार की सामग्री लेकर एक सप्ताह से बंनाचल के आदिवासी भाईयों के गांव बेरबन,पीपला ,टोला, कुक्लोर,छीरई ,पिपरिया, आफ़तगंज,गंगडोर, हरसुआ सहित अन्य गांवों में भ्रमण करते हुये बच्चों के बीच दीवाली की खुशिया बांटते हुये देखे जा रहे है।

# शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



शहरों के साथ साथ जिस तरह ग्रामीण क्षेत्रों में शराब का अवैध कारोबार फैलते हुये देखा जा रहा है उसके चलते युवा इसकी गिरप्त में आने के कारण लगातार अपराधों को जन्म देने से नही चूक रहे है। इस तरह चल रहे शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम भौरझिर पावर हाऊस के पास अशीष पिता परमानंद जाटव के पास से 20 पाव देशी व समीपस्थ पुरगंवा ढ़ाबा के पास राम गोपाल पिता अन्नी लाल यादव निवासी सिहोरा के पास से 25 पाव देशी तो ग्राम बम्हौरी में मदन पिता राम दयाल कौरव के पास से 10 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से नगर के हनुमान वार्ड में शंकर लाल पिता मनीराम कहार निवासी छिडावघाट के पास से भी पुलिस ने 5 लीटर कच्ची शराब व हनुमान वार्ड में रज्जू पिता परमानंद बंशकार के पास से 5 लीटर तो हल्के पिता रूपराम चौधरी निवासी माता वार्ड में 5 लीटर कच्ची तथा नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में संतोष पिता राधे श्याम कीर निवासी निरंजन वार्ड के पास से 5 लीटर कच्ची व राहुल पिता श्याम लाल कहार निवासी कांच मंदिर के पास से 5 लीटर कच्ची व एक महिला के पास से 5 लीटर कच्ची शराब तथा सालीचौका चौकी पुलिस द्वारा ग्राम डुगारिया में साहब लाल पिता कन्छेदी ठाकुर के पास 31 पाव देशी शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ चीचली थाना पुलिस द्वारा भी अपने क्षेत्र के ग्राम ढुरसरू में हरीसिंह पिता डिल्ली ठाकुर निवासी ग्राम सेसा डाबर के पास से 5 लीटर कच्ची व ग्राम ढाना में वही के निवासी सुरेश पिता जीवन लाल ठाकुर के पास से 5 लीटर व ग्राम बारहाबड़ा में विनोद पिता रज्जु ठाकुर निवासी सिंहपुर छोटा के पास से 6 लीटर व ऊमर नदी के पास दीपक पिता हर नारायण बाथरे के पास से 5 लीटर कच्ची व राकेश पिता छोटे लाल चौरसिया के पास से 5 लीटर, ग्राम भीमखेड़ी में मोहन लाल पिता गोविन्दी ठाकुर निवासी ग्राम देवरी के पास से 5 लीटर कच्ची व ग्राम तेंदूखेड़ा में एक महिला के पास से 5 लीटर तथा रामजी पिता चिक्कू कौरव के पास से 15 पाव देशी व प्रेमलाल पिता हीरालाल ठाकुर के पास से 6 लीटर कच्ची, ग्राम इमलिया में रमेश पिता भैरव कौरव के पास से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से डोगरगांव थाना पुलिस द्वारा ग्राम कुडारी में राम सिंह कीर के पास से 5 लीटर व ग्राम चोर बरहटा में चोखे लाल पिता गुलाब जाटव के पास से 12 पाव देशी शराब जप्त की गई। वही सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवरी मिढवानी में शिवराज पिता मोतीलाल कुशवाहा निवासी ग्राम सूखा के पास से 20 पाव देशी तथा ग्राम पाली में ग्यारसी पिता खिम्मा अहिरवार निवासी ग्राम पिठवानी के पास से 21 पाव देशी तो सांईखेडा में ग्राम पालीखैरी निवासी प्रमोद पिता राजा धानक के पास से 17 पाव देशी शराब तो देतपोन तिरहा के पास नारायण पिता गोठल कहार निवासी धनौरा के पास से 18 पाव तथा समीपस्थ रम्पुरा तिरहा पीपरपानी रोड पर रोहित पिता ईश्वर सिंह राजपूत के पास से 22 पाव देशी व विक्रम पिता मुन्ना ठाकुर निवासी टेकापार के पास से 18 पाव देशी तथा धूनी मंदिर के पास श्रीकांत पिता शंकर लाल ठाकुर निवासी ग्राम कोसकरपा के पास से 17 पाव, वही ग्राम टेकापार में रोहित पिता रविशंकर राजपूत के पास से 16 पाव देशी शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# लक्ष्मी पूजन की तैयारी में 52 पत्तों के शौकिनों का लग रहा मेला

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** दीवाली के पूर्व जिस तरह क्षेत्र में अचातक ताश पत्तों की गड्डियों की बिक्री में उछाल को देखते हुये अनुमान लग रहा था कि निश्चित तौर से दीवाली के अवसर पर क्षेत्र में बडे स्तर पर क्षेत्र में अवैध कारोबार के बीच बेगम गुलाम की बादशाही पूरे शबाव पर रहने से नही चूकेगी। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई की जनचर्चाओं के माध्यम से जानकारिया मिलना भी शुरू हो चुकी है कि बीते हुये कुछ दिनों से समीपस्थ खुरसीपार पिठहरा क्षेत्र में बेगम गुलाम के बीच इक्का ने जगह बदलते हुये अपना खेल दिखाना शुरू कर दिया गया है। इतना नही लाखों के बीच चल रहे इस लक्ष्मी पूजन के महोत्सव में दूर दूर से बेगम गुलाम के शौकिन पहुंचते हुये लक्ष्मी पूजन करते हुये अपनी किस्मत अजमाने की शुरूआत कर दी गई है। इस बात की सच्चाई सोशल मीडिया पर कतिथ तौर से वीडियो वायरल होते हुये भी देखे जा रहे है...? वही 52 पत्तों में रूचि रखने वालों द्वारा अपना नाम गुप्त रखते हुये कहना है कि आज दीवाली के मौके पर यहां पर बेगम गुलाम के बीच निश्चित तौर से दहला भी पूरे शबाव पर रहने से नही चूक पायेगा और यहां पर लगने वाले मेले में दूर दूर से लोग आकर महोत्सव के भागीदार बनते हुये दिखाई देने में पीछे नही रहेगे..? क्योंकि इस लक्ष्मी पूजन को शह प्रदान करने वाले कुछ छुट भैयों द्वारा जहां परमिशन की ताल ठोकी जा रही है। मगर पेहरेदारों द्वारा इससे साफ इंकार करते हुये अपना डंडा घुमाने के लिये तत्पर दिखाई देने के बात कहने में पीछे नही है..? खैर ताल ठोकने वालों से लेकर पेहरेदारों की सच्चाई का पता तो आज दीवाली की रात के बात ही उजागर हो पायेगा..कि आखिरकार बेगम गुलाम के शौकीन इक्का का महोत्सव बनाने में सफल होते है ।











खबर संक्षेप

## आत्मा योजनान्तर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार से सम्मानित होगें जिले के किसान

**उमरिया।** परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत जिले के सर्वोच्च उत्पादकता हासिल करने वाले कृषकों को जिला स्तर पर व कृषक ब्लाक स्तर पर सर्वोत्तम कृषकों को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है।सम्मान 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसानों को दिया जाना है। उन्होने बताया कि जिले के तीनों विकासखण्डों से एक-एक किसान को सर्वोच्च उत्पादकता पुरस्कार दिया जाएगा जिले के समस्त उत्साही व प्रगतिशील कृषकों (जिसमें कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी) से अपेक्षा है, कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारी या सीधे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकतें है। किसान अपने आवेदन संबंधित विकासखण्ड कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड करकेली/ मानपुर/ पाली में 15 नवम्बर 2025 तक जमा कर सकते है । नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। किसान भाई अधिक जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा समिति जिला उमरिया के कार्यालयीन समय में एवं दूरभाष क्रमांक 07653-222421 पर संपर्क किया जा सकता है।

## भालूमाड़ा पुलिस ने बदरा में जुआरियों को दबोचा

**हरिभूमि न्यूज बदरा/ जमुना।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे जगन्नाथ मरकाम श्रीमति आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा संजय चौधरी घर के सामने खेत पर ग्राम बदरा थाना भालूमाडा में तीन लोग 52 ताश के पत्तो पर रुपयो पैसो से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पकडे गये घेराबंदी कर जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 1450 रू जप्त कर उनके विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। जप्त शुदा मशरूका 1450 रुपये के साथ रविन्द्र चौधरी पिता छेदूलाल चौधरी उम्र 35 साल निवासी बदरा, रामू गोंड पिता रामकिशन गोंड उम्र 28 साल निवासी बीमाग्राम बदरा, मोहम्मद रहीस पिता मो. अनीस उम्र 36 साल निवासी वार्ड न 15 लहसुई थाना कोतमा पकड़े गये।

# दीपावली पर स्वछता का दीप जलाया, घाटों को किया निर्मल

डिंडौरी।





दीपावली के शुभ अवसर पर जब हर घर रंगाई -पुताई सफाई एवं दीपों की रोशनी से जगमगा रहा है तब मैया अभियान के सेवादारों ने रविवार प्रातः 7 बजे हाथों में झाड़ू उठाकर नगर के मुख्य नर्मदा डेम घाट में निर्मल घाट - निर्मल नर्मदा के संकल्प के साथ स्वच्छता सेवा की । इस दौरान स्टाप डेम से धर्मशाला तक घाटों में फैली प्लास्टिक पन्नियों , दूषित कपड़े एवं विसर्जन सामग्री को एकत्रित कर लगभग एक ट्राली कचरा उठाया गया। गौरतलब है कि मैया अभियान की शुरुआत 11 नवम्बर 2022 से तत्कालीन कलेक्टर द्वारा की गई थी । मैया अभियान का प्रमुख उद्देश्य यह है कि कम से कम सप्ताह में एक दिन हम सभी नर्मदा मैया की सेवा में एकजुट हो जाये । घाटों में फैली गंदगी को साफ करने में श्रम दान करे एवं लोगो को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें , यही जीवन दायनी माँ नर्मदा की सच्ची सेवा है । मैया अभियान के सेवादारों ने बतलाया है कि प्रदेश के अन्य जिलों जबलपुर नरसिहपुर , नर्मदापुरम के नर्मदा घाटों में साबुन -सोडा प्रतिबंधित कर दिया गया है लेकिन डिंडोरी जिले में आज भी लगातार नर्मदा जल का प्रदूषण बढ़ रहा है ।नगर सीमा के दोनों घाटों में लगभग 10 नालों का दूषित पानी सीधे नर्मदा में मिल जाता है यह बहुत ही खेदजनक हैं।

मैया अभियान के सभी सदस्यों ने नगर वासियों एवं विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाए देत हुए " मैया अभियान " म शामिल होने का आग्रह किया है। रविवार को सेवादार जिला आयुष अधिकारी डॉ संतोष परस्ते , नेहरू युवा केन्द्र समन्वयक आर पी कुशवाहा , प्राचार्य शाहिद खान , उत्कृष्ट विद्यालय शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित , प्रयास कोचिंग मनोज चौकसे ,प्राचार्य राम विशाल मिथलेश , संतोष परमार , अवध गोहिया , महेंद्र उचेहरा बाल सेवादर विमान प्रधान ने श्रम दान मैया को अर्पित कर स्वच्छ्ता का दीपक प्रकाशित किया।

# स्वदेशी अपनाए, सुरक्षित दीपावली मनाएं: कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया





**डिंडौरी।** दीपावली के त्यौहार को लेकर रविवार को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया और पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह ने नगर के मुख्य बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे बैठे छोटे-छोटे फुटपाथ दुकानदारों से पूजा की सामग्री खरीदी और सभी को स्वदेशी उत्पाद अपनाने व सुरक्षित दीपावली मनाने का संदेश दिया।कलेक्टर ने भारत माता चौक में ग्राम शाहपुर से आई सोना प्रजापति से दिये खरीदे, मंगू बर्मन से गुल्लक, ओमप्रकाश टकरा मोहल्ला से झाड़ू तथा बस स्टैंड रोड पर बैठे राजा कुशवाहा से सिंघाड़े खरीदे। वहीं हरवा बिलासपुर (अनूपपुर) से आई तुलसा बाई से रूई, दिया-बाती एवं पूजा सामग्री खरीदी।

कलेक्टर भदौरिया ने कहा कि त्योहार की खुशियां तभी सार्थक होंगी जब हम स्वदेशी उत्पादों को अपनाएंगे। विदेशी कंपनियों के उत्पाद न खरीदें, बल्कि अपने स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए सामान खरीदें ताकि उनके घरों में भी दीपावली की खुशियां पहुंचें।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह ने भी फुटपाथ दुकानदारों से पूजा सामग्री खरीदी और बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।भ्रमण के दौरान एसडीएम भारती मरावी, एसडीओपी सतीश द्विवेदी, तहसीलदार आर.पी. मार्को, निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे सहित राजस्व और पुलिस अमला मौजूद रहा।

### जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम

एसपी वाहिनी सिंह ने बताया कि दीपावली पर्व के दौरान जिले के सभी थानों और चौकियों को गश्त बढ़ाने तथा बाजार क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा ताकि नागरिक सुरक्षित वातावरण में पर्व मना सकें।

## धनतेरस पर शहर के असली हीरो सफाईकर्मियों का सम्मान



**डिंडौरी।** जिला मुख्यालय में नगर परिषद डिंडौरी के सफाई कर्मियों को आज धनतेरस के अवसर पर सम्मानित किया गया। समाजसेवी रोहित कांसकार ने इस मौके पर कहा कि सालभर शहर की सफाई में योगदान देने वाले सफाईकर्मी वास्तव में असली हीरो हैं और उनके लिए यह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। **रोहित कांसकार ने आगे कहा** —नेतागिरी और अफसरशाही सिर्फ दिखावे तक सीमित रह गई है। असल में सम्मान तो उन हाथों का होना चाहिए जो रोज हमारे शहर को साफ-सुथरा रखते हैं। इस अवसर पर सफाईकर्मियों के योगदान को सराहा गया और उनके हौसले को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

## अमरपुर में ओवरलोड वाहनों का कहर, यात्री जान हथेली पर रखकर कर रहे सफर

डिंडोरी।

जिले के अमरपुर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। अमरपुर ऑटो स्टैंड से प्रतिदिन तूफान और ऑटो वाहन क्षमता से कई गुना अधिक यात्रियों को भरकर सड़कों पर बेलगाम दौड़ रहे हैं। चालक यातायात नियमों को दरकिनार करते हुए, अतिरिक्त कमाई की लालच में यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।हालात इतने भयावह हैं कि जिन वाहनों में अधिकतम पाँच यात्रियों के बैठने की अनुमति है, उनमें दस से बारह लोगों को ठूंस-ठूंस कर बैठाया जा रहा है।



'तूफान' वाहनों में तो स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां यात्रियों को वाहन के चारों ओर लटकाकर सफर कराया जा रहा है। कई चालक तो खुद अपनी सीट पर दोनों ओर दो-दो यात्रियों को बैठाकर वाहन चला रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है।

### परिवहन विभाग की निष्क्रियता

अमरपुर से समनापुर और मोहनझिर बटिया की ओर जाने वाले ऑटो और तूफान वाहन आए दिन ओवरलोडिंग के साथ देखे जा सकते हैं। यातायात और परिवहन विभाग की उदासीनता के कारण वाहन चालक पूरी निर्भीकता से नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। यही नहीं, ग्रामीण सड़कों पर भी ऐसे ओवरलोड वाहन बेखौफ दौड़ते नजर आते हैं।पिछले कुछ समय में कई बार ऐसे ओवरलोड वाहन अनियंत्रित होकर पलट चुके हैं, जिनमें जानमाल का नुकसान हुआ है। इसके बावजूद अब तक न कोई नियमित जांच अभियान शुरू किया गया और न ही ओवरलोडिंग रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई है।

### जनता में बढ़ रहा आक्रोश

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सख्त कदम नहीं उठाता, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ओवरलोड और जर्जर वाहनों के कारण न केवल यात्रियों की जान खतरे में है, बल्कि आम लोगों का सड़क पर सुरक्षित चलना भी मुश्किल हो गया है।अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या खबर के प्रकाशन के बाद पुलिस और परिवहन विभाग जागता है या फिर ओवरलोडिंग की यह खतरनाक प्रवृत्ति यूं ही जारी रहती है। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## शहपुरा पुलिस ने दबोचे दो तस्कर, 88 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

डिंडौरी



शहपुरा थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 88 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 67 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन को भी जब्त किया है।

थाना प्रभारी अनुराग जामदार के निर्देशन में गठित टीम — एएसआई राकेश यादव, प्रधान आरक्षक कमलेश मरावी और आरक्षक अजय यादव ने मुखबिर की सूचना पर मारुति सुजुकी सेलेरियो कार (क्रमांक MP-20 CM-2386) को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान कार से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दुर्गेश असाटी पिता तामेश्वर असाटी (31 वर्ष), निवासी मानिकपुर और छोटू कुंजाम पिता जगत सिंह कुंजाम (32 वर्ष), निवासी आमाखोह के रूप में हुई है। दोनों आरोपी बिना वैध लाइसेंस के शराब का परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने शराब व वाहन को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। मामले की विवेचना जारी है।

## नगर में बढ़ते आवारा श्वानों का आतंक, अधिवक्ता ने प्रशासन को सौंपा पत्र, सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने की मांग



**डिंडोरी।** नगर में आवारा श्वान का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोगों के काटे जाने, बच्चों और बुजुर्गों के घायल होने की घटनाएं आम हो गई हैं। इसी गंभीर समस्या को लेकर अधिवक्ता सम्यक जैन ने जिला प्रशासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए संबंधित विभागों से तत्काल एवं समयबद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। अधिवक्ता जैन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर परिषद, पशु चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग सभी की इस मामले में कानूनी जिम्मेदारी तय है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेशों के अनुसार सभी आवारा कुत्तों का नसबंदी एवं टीकाकरण किया जाना आवश्यक है। आक्रामक या खतरनाक कुत्तों की पहचान कर उन्हें अधिकृत शेल्टरों में रखा जाए। नगर सीमा में निर्धारित फीडिंग जोन तय किए जाएं और इन क्षेत्रों के बाहर सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खिलाना प्रतिबंधित किया जाए। किसी भी व्यक्ति या संगठन द्वारा नगरपालिका के वैधानिक कार्यों में अवरोध डालने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन आवश्यक है। यदि प्रशासन समय पर कार्रवाई नहीं करता, तो न सिर्फ नागरिकों की सुरक्षा खतरे में रहेगी बल्कि कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन भी होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि तत्काल नसबंदी अभियान, टीकाकरण ड्राइव, शेल्टर होम और फीडिंग जोन निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, ताकि नगर में भयमुक्त और स्वच्छ वातावरण स्थापित किया जा सके। अधिवक्ता सम्यक जैन ने पत्र में यह भी उल्लेखित किया है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु न्यायालय की शरण ली जाएगी।

# सराफा दुकानों में रही सबसे अधिक भीड़, पुलिस ने भी बरती सतर्कता

हरिभूमि न्यूज कोतमा



कोतमा एवं कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्र में धनतेरस पर जम कर खरीददारी हुई। बाजार में धन की बर्षा हुई। लोगों ने अपनी आवश्यकता और मान्यताओं को लेकर सामानों की खरीददारी की। लंबे समय के बाद बाजार में रौनक छाई रही। सोने-चांदी के सिक्के, जेवरात, लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति की बिक्री हुई। बर्तन दुकान, इलेक्ट्रानिक प्रतिष्ठान, वाहनों के शो-रुम में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। झाडू, पूजा के सामान व अन्य सामानों की बिक्री को लेकर भी लोग बाजार पहुंचे। सुबह 10 बजे से ही खरीदारी का माहौल बनने लगा था, सुबह 10 बजे से ही लोग बाजार में पहुंचने लगे थे। दोपहर बाद ग्राहकों की संख्या बढ़ने लगी और देर रात तक खरीदी का दौर चलता रहा। गारमेंट, पूजन-सजावटी सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोजमर्रा की सामग्री और मिठाई-नमकीन की दुकानों पर भारी भींड़ देखी गई। लोग इस बार सजावट, रोशनी आइटम्स भी बड़ी संख्या में खरीद रहे हैं। गारमेंट में फैशन और परंपरागत ड्रेस पर फोकस कर रहे हैं।ग्राहकों की भीड़ देख कर दुकानदारों के चेहरे पर खुशी नजर आई। धनतेरस को लेकर बाजार गुलजार नजर आए। लंबे समय के बाद व्यवसायियों को इस बार अच्छा कारोबार देखने को मिला। इस बार धनतेरस को लेकर बाजार की रौनक देखते ही बन रही थी। ज्यादातर लोगों ने पहले से बुकिग कराए गए सामान को अपने घर ले गए। धरतेरस के दिन कोतमा के बाजार मे जमकर धन की वर्षा हुई।

### सराफा दुकानों में रही सबसे अधिक भीड़

शनिवार को कोतमा नगर के सराफा दुकानो में सुबह 10:00 बजे से ही ग्राहकों की भीड़ नजर आई हर कोई मुहूर्त पर सामान लेकर अपने घर जाना चाह रहा था । सराफा दुकानों में ग्राहकों की लंबी कतार सुबह से लेकर देर रात तक लगी रही। सर्राफा व्यवसाई दीपक चंदेरिया मिंटू ने बताया कि इस बार धनतेरस को ग्राहकों ने जमकर सोने चांदी के आभूषण के साथ ही चांदी के सिक्के की खरीदारी की उन्होंने ग्राहकों की सुविधा के लिए दुकान में अलग-अलग काउंटर बनवाए थे जिससे ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कोतमा नगर के ऑटोमोबाइल शोरूम में भी सुबह से ही ग्राहक दो पहिया चार पहिया वाहन खरीदने के लिए पहुंच रहे थे सुबह से लेकर देर रात तक ग्राहकों की जमकर भीड़ देखी गई। चार पहिया वाहन के लिए लोगों ने पहले से ही बुकिंग कर ली थी बस शुभ मुहूर्त में वाहन को उठाना शेष था जो धनतेरस के दिन वाहन पूजा-अर्चना कर अपने घर ले गए। बजाज शोरूम के संचालक बद्री प्रसाद ताम्रकार ने बताया कि दोपहर 1 बजे से दो पहिया वाहनों की बिक्री शुरू हुई देर रात तक लगभग 30 वाहन की बिक्री हो चुकी है । उन्होंने बताया कि कुछ गाड़ियों की पहले से ही लोगों ने बुकिंग करके शुभ मुहूर्त में उठाने के लिए रखवा दी थी जिसे धनतेरस के दिन मुहूर्त देखकर ग्राहक अपना वाहन उठा ले गए।

### पुलिस भी रही चुस्त

धनतेरस पर्व को लेकर बर्तन व्यवसाय भी एक दिन पूर्व दुकानों में तैयारी बना लिए थे सुबह 10 बजे से दुकानदारी शुरू हुई जो देर रात तक ग्राहकों की भीड़ लगी रही। इलेक्ट्रॉनिक फर्नीचर कपड़े की दुकानों में भी सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ नजर आई ग्राहकों ने जमकर धनतेरस के दिन खरीदारी की। धनतेरस के दिन मान्यता है कि झाडू एवं धनिया खरीदना शुभ माना जाता है ग्राहकों ने झाडू एवं धनिया खरीद कर अपने घर ले गए। लोगों ने फर्नीचर की भी जमकर खरीदारी की। बाजार में मिट्टी के दिए स्थानीय कुम्हार एवं शिल्पकारों के द्वारा नगर के गांधी चौक में दुकान सजा लिए थे लोगों ने लोकल फार वोकल के तहत मिट्टी के दीए की जमकर खरीदारी की। धनतेरस के दिन लोगों की भीड़ को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन के द्वारा बाजार में बड़े वाहन प्रवेश न हो इसके लिए नगर के मुख्य जगहों पर बैरी गेट्स लगा कर रखे थे। त्योहार में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल के द्वारा बाजार के मुख्य जगहों पर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। थाना प्रभारी स्वयं धनतेरस के दिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाजार में घूमते नजर आए।

## उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज जिला चिकित्सालय अनूपपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय परिसर, विभिन्न वार्डों एवं आपातकालीन सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों एवं अधिकारियों से चर्चा की और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। चिकित्सालय में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने, आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा चिकित्सा उपकरणों के सुचारू उपयोग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों से आने वाले मरीजों को भी सहज, त्वरित एवं संतोषजनक चिकित्सा सुविधाएँ मिलनी चाहिए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राम लाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के वर्मा, सिविल सर्जन, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ हीरा सिंह श्याम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकारगण एवं आमजन उपस्थित थे।




# राजकुमार ने अपने गांव को दिलाया पहला मेडल, जीता गोल्ड और सिल्वर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरा के खिलाड़ी राजकुमार सिंह पिता पप्पू सिंह का चयन राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता हुआ था, जहां राजस्थान के अल्वर में आयोजित प्रतियोगिता में एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीतकर पहली बार अपने गांव को गौरवांवित करने वाला युवा बन गया है। ग्राम पंचायत सकरा के सरपंच संतोष ड्रूसह ने कहा कि यह पंचायत ही नही बल्कि क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि गांव से निकल कर राष्ट्रीय स्तर तक हमारे खिलाड़ी परचम लहरा रहे है। उन्होंने की ऐसे होनहार खिलाड़ी को मै हर संभव मद्द करने को तैयार हूं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरा के पूर्व छात्र राजकुमार सदैव खेलकूद के प्रति समर्पित रहकर मेहनती व लगनशील रहे है वो विद्यालय में भी अग्रणी रहकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हो चुके है। जहां विद्यालय के पीटीआई उपेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मैडल अर्जित किए वहीं प्रशिक्षक किशोर कुमार साकेत के साथ सेपक टेकरा खेल के निर्णायक परीक्षा की तैयारी भी कर रहे हैं। साथ में लाठी, सेपक टेकरा दोनों विधाओं में पारंगत हासिल कर ग्राम पंचायत के नन्हे-मुन्हें खिलाड़ियों को भी तैयार कर रहें। राजकुमार के इस जीत पर सहायक आयुक्त सरिता नायक, क्षेत्र संयोजक एसके बाजपेई, जिला क्रीड़ा प्रभारी, सरपंच संतोष सिंह, उपसरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विद्यालय प्राचार्य आरपी सोनी, बीडी पटेल, अरुण गुप्ता, विनोद कुमार द्विवेदी, जशवंत, रेखा सिंह दीक्षित, लवकेश द्विवेदी, प्रसीत दास, संजय कोल, फूलमती, सुनील कुमार, मधु तिवारी, साहिल खान, निधि तिवारी, शारदा चौरशिया, शिल्पी कौर, शिवांगी, पुष्पेंद्र साहू, गणेश, सुरेंद्र सिंह, लकी, कमलेश, अधीक्षिका सुभद्रा सिंह ने बधाई प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस के केस में बाइज्जत बरी

हरिभूमि न्यूज़ , नरसिंहपुर। न्यायालय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी धर्मेंद्र नागवंशी के न्यायालय में लंबित प्रकरण सतेंद्र साहू बनाम यशवंत उर्फ राजा जाटव में न्यायालय द्वारा यशवंत उर्फ राजा जाटव को बचाव पक्ष के अधिवक्ता के तथ्यों से सहमत होते हुए बाइज्जत बरी किया गया द्य यशवंत उर्फ राजा जाटव की ओर से प्रकरण में पैरवी अधिवक्ता मनीष जाट के द्वारा की गई थी।

### गौशालाओं में किया जाएगा गोवर्धन पूजन

हरिभूमि न्यूज , नरसिंहपुर। गोवंश भारतीय जीवन पद्धति का प्रमुख उपागम है तथा कृषि प्रधान समाज में पशुपालन एक आवश्यक अंग रहा है। विगत वर्षों में यंत्रीकरण एवं कृषि में यंत्रीकरण एवं कृषि में वैकल्पिक साधनों के प्रयोग से गोवंश की उपेक्षा परिलक्षित हुई है। ऐसी दशा में प्राकृतिक खेती तथा अन्य उपागम के साथ गोवंश की प्रतिष्ठा करना आज की आवश्यकता है। जिले में कुल 81 मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना अंतर्गत निर्मित गौ सेवा केंद्र हैं, जबकि 11 अन्य गौशालाएं हैं, जिनका संचालन एनजीओ अथवा अन्य संस्थाएं करती हैं। बुधवार 22 अक्टूबर 2025 कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजन है। पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 06.26 से 08.42 बजे और शाम को 03.29 से 05.44 बजे के बीच रहेगा। गोवर्धन पूजन सभी गौशालाओं में विधि विधान के साथ किया जाना है। इसके अंतर्गत सभी गौवंशों को विधिवत स्नान, ध्यान कराकर उनको तैयार किया जाए तथा पूजन- अर्चन के साथ विशेष भोज जिसमें हरी घास अथवा खिचड़ा गुड आदि का सेवन कराया जाना जाए। सभी गौवंशों को चारागाह, जंगल अथवा ग्राम के मुख्य मार्ग पर भ्रमण के लिए भी निकाला जाना चाहिए, जिससे उनकी महत्वता स्थापित हो सके। ऐसी गौशालाएं जिनमें अभी तक गोवंशों को रखा नहीं गया है, वहां भी समारोह पूर्वक गौवंशों को रखकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस उपलक्ष्य में गौशालाओं में कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं। गोवर्धन पूजन में सांसद, विधायकगण, जनपद पंचायत अध्यक्ष व सदस्य, स्वयं सेवी संगठन, ग्राम पंचायत पदाधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधि, संचालक समूह और गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाए। भारतीय जीवन में तथा कृषि में गोवंशों के महत्व का प्रतिपादन तथा उन्हें वर्तमान परिस्थितियों में कैसे उपयोगी बना सकते हैं, ऐसे विषयों पर भी सार्थक चर्चा की जा सकती है। संचालक अपने स्तर से कार्यक्रमों की योजना कर सकेंगे। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सभी सरपंच, सचिव, सभी गौशाला संचालकों की स्व सहायता समूह एनजीओ को गोवर्धन पूजन के संबंध में आवश्यक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा है।

### क्षमता वाले ट्रांसफार्मर रखे जाने और गुणवत्ता युक्त केबिल की जरूरत

तेंदूखेड़ा। जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन चुकी विद्युत व्यवस्था आये दिन बंद होना अब आम बात हो गई है।इस विषय को लेकर आये दिन विद्युत अधिकारियों का भी ध्यान केन्द्रित कराया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति को लेकर जो समस्या सामने आ रही है उसमें सबसे महत्वपूर्ण विषय यह निकलकर सामने आया है कि तेंदूखेड़ा के इंडस्ट्रीयल एरिया में क्षमता वाले ट्रांसफार्मर रखे जाने की महती जरूरत है।इस क्षेत्र में रखे ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि जरुरी है इनसे कारखानों की बिजली तो चलती ही है साथ ही कुछ वार्ड की बिजली भी चला करती है। जिससे भार क्षमता अधिक हो जाने से ट्रांसफार्मर जलने या जर्जर अवस्था में डली केबिल लाइन भी बस्ट होकर जल जाती है।

## कम ना हो त्यौहार की खुशियां....स्थानीय उत्पादों का करें उपयोग

# मेरे घर भी दिवाली है, खरीदी कर बढ़ायें खुशियां





**दीपावली के पावन त्यौहार को लेकर बाजार मे रौनक व चहल पहल बढ़ गई। हर गली चैराहे पर त्यौहारों में उपयोग होने वाली सामग्री का विक्रय किया जा रहा है। दुकानदारों की बड़ी अपेक्षा होती है कि उनकी विक्री हो तो उनका त्यौहार भी खुशियों के साथ मनाने का अवसर मिले। वही सरकार द्वारा भी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर बल दे रही है।**

हरिभूमि न्यूज़- नरसिंहपुर।

त्योहारों को लेकर नगर को दुल्हन की तरह सज गया है। तरह तरह की सामग्रियों की खरीदी विक्री बाजार मे की जाने लगी है। दुकानदारों को बड़ी आस होती है कि बाजार में उनकी वस्तु का विक्रय अच्छा हो तो उनके घर भी त्यौहार मे खुशियां आये। वर्तमान दौर में विविध प्रकार की सामग्री बाजार मे उपलब्ध है। वही स्थानीय कारीगरों की सामग्री लोगो को पसंद नही आ रही है। लेकिन लोगो को यह ध्यान रखना चाहिए की त्यौहार दिन दो दिन का होता है लेकिन खुशियाँ हमेशा याद रहती है यदि आपके छोटे से योगदान में किसी के घर में खुशियां आती है तो उसके लिये हमेशा प्रयास करना चाहिये। हमारी संस्कृति में त्योहार हर्षोल्लास व खुशियों का प्रतीक है। त्यौहार को दान, धर्म, क्षमा, शीलता व पुण्य का पर्याय भी माना जाता है अधिकांश देखा जाता है कि त्यौहार यानी खुशी के दिन हमें किसी को भी भूखा घर से नही जाने देते उसे सम्मान पूर्वक भोजन कराते है। कहा भी जाता है कि खुशियां जितनी देगें उससे दोगुनी हमें मिलती है। इसलिये विद्वान व्यक्तियों द्वारा हमेशा खुशियों को बांटकर अपनी खुशियां बढ़ाने का कार्य करते है। दीपावली के इस पावन पर्व पर हम और आप भी इस पुन कार्य मे सहभागिता देकर अपनी खुशियों को बढ़ा सकते है। त्यौहार मे उपयोग होने वाली समाग्री स्थानीय उत्पादों द्वारा निर्मित हो ऐसी सामग्री की खरीददारी करें।

### त्यौहार पर खुशियों की रहे बहार

दीपावली का त्यौहार वर्ष का सबसे बड़ा त्यौहार होता है लोग एक वर्ष तक दीपावली के त्यौहार की खुशियों का व्याख्यान करते रहते है सब अपनी जरूरतों की सामग्री का क्रय करते है। जिसे कई वर्षो तक उपयोग कर उसे याद रखते है। सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये लोगों को जागरूक कर रही है। दिवाली पांच दिन का पर्व है। दिवाली की इस पूजा में मिट्टी के दीये का इस्तेमाल कर माता लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। दीपोत्सव के इस पर्व पर मिट्टी से बने दीयों और बर्तनों की मांग अधिक होती है। वोकल फॉर- लोकल के आव्हान के बाद कुम्हारों को यह उम्मीद है कि यह दिवाली उनकी भी खुशियों से भरी होगी। जिले के प्रमुख हाट बाजारों में दीया- बाती, झाड़ू, श्रृंगार सामग्री और घर के द्वार पर बांधने वाले बंदना दिखाई देने लगे हैं। बहुत ही कम दाम पर मिलने वाले इन मिट्टी के बर्तनों एवं अन्य सामग्री को कुम्हार की चाक से बाजारों तक लाने का काम बड़ा ही चुनौती पूर्ण होता है हम उनकी सामग्री खरीद कर उनकी खुशियों में चार चांद लगा सकते है।

### परिश्रम को खुशियों में बदलें

मिट्टी के बर्तन व उपयोगी सामग्री बनाना आसान कार्य नहीं है । मिट्टी लाने से लेकर उसे गूंथने, पहिये पर रखकर आकार देने, सूखाने एवं अच्छी तरह पकाने की प्रक्रिया की जाती है। उसके बाद उसे रंगने का काम होता है। कारीगर व उनका परिवार एक माह पहले से जुट जाते हैं। इसके बाद शुरू होती है इन्हें बेचने की कवायद। मिट्टी का सामान बेचने के लिए कारीगरों द्वारा अपने मोटर साईकिल, हाठ ठेले एवं साईकिल से जाकर दूर हाट बाजारों तक जाना पड़ता है। वे मानते हैं कि बाजारों में आने वाली चाइनिज लाईटों, दीयों ने मिट्टी के दीयों का स्थान लिया है। इससे हमारी पुस्तैनी विरासत एवं स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कुम्हारों को उनकी मेहनत का सही दाम मिलेगा। मिट्टी के दीये, बर्तन प्रकृति संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। हम उनके परिश्रम को खुशियों में बदलने का कार्य करने में सक्षम है इसलिए यह आवश्यक समझें।

### कुम्हारों से नहीं की जायेगी कर वसूली

दीपावली पर्व के अवसर पर जिले के ग्रामीणों एवं कुम्हारों द्वारा मिट्टी के दिये बनाये जाते हैं और इन्हें दीपावली के त्यौहार पर विक्रय के लिए बाजारों व हॉटों में लाया जाता है। इस पर अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मिट्टी के दिये विक्रय के लिए आने वाले इन ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये। इसके अलावा नगर पालिका नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली न ली जाये। मिट्टी के दिये पर्यावरण की दृष्टि से भी उपयुक्त होने के कारण आमजन को इनके उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाये। इस आदेश का जिले में पालन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं।

### आज मनाई जावेगी दीपों का पर्व दीपावली

सम्पूर्ण जिले मे आज दीपों का महापर्व दीपावली धूमधाम से मनाई जावेगी। दीपावली को लेकर लोगों मे खासा उत्साह देखा जा रहा है। धनतेरस के पूर्व से लोगों मे दीपावली के त्यौहार को लेकर उत्साह नजर आ रहा था आज हर्ष के साथ दीपों का उत्सव प्रकाश पर्व मनाया जावेगा। चारों ओर दीपावली की चमक नजर आ रही है। लोगों द्वारा अपने घरों को विशेष आकर्षित लाइट व विभिन्न सामग्रियों से सजाया गया है।

## सर्व ब्राह्मण महिला मंडल ने मनाया दीपोत्सव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद एवं राष्ट्रीय महिला जागृति मंच ने मिलकर भटिया टोला के बच्चों के बीच दीपोत्सव मनाया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दोनों संगठन के संयुक्त तत्वाधान में विशेष कार्यकारिणी द्वारा भटिया टोला के बच्चों के बीच पहुंचकर लगभग 55 बच्चों को पटाखे जिसमें फुलझड़ी अनार, पटाखे, लाई बताशे, दिये, मिठाई, नमकीन, बिस्किट आदि बांट कर धूमधाम से दीपावली त्यौहार मनाया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रीति रैकवार एवं नीलम रैकवार का रहा, संस्था की ओर से श्रीमती विवेक पांडे, सुनंदा भट्ट, सरला पांडे, अरुणा दुबे, प्रवीणा गोस्वामी, नंदिता चैबे, संचिता दुबे, श्रेया पांडे एवं शुभावना पांडे की उपस्थिति सराहनीय रही।



## कलेक्टर ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले के बरमान स्थित वृद्धाश्रम का रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने यहां निवासरत वृद्धजनों से आत्मीयता से संवाद कर उनकी समस्याएं पूछी और निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने आश्रम की व्यवस्थाओं, वृद्धजनों के लिए मनोरंजन और स्वास्थ्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा प्रदान करने और भरण- पोषण अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने वृद्धजनों को उपहार और मिठाईयां देकर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने यहां पौधारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के कुलदीप कौरव, आश्रम प्रबंधक दुबे और अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने बच्चों से संवाद कर पूंछी जिज्ञासाएं

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

रविवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह दीपावली के शुभ अवसर पर जिले में संचालित शासकीय एवं अशासकीय बाल देखरेख संस्थाओं का भ्रमण किया। उन्होंने नरसिंहपुर में संचालित राजराधा बाल गृह, सृजन वात्सल्य शिशु गृह और किशोर न्याय बोर्ड सम्प्रेक्षण गृह का भ्रमण किया। उन्होंने इन संस्थाओं में निवासरत बच्चों को मिठाईयां, पटाखें, कपड़े, फलों की टोकरी आदि वितरित किए। कलेक्टर ने सभी संस्थाओं में निवासरत बच्चों को अच्छे भविष्य एवं सुख समृद्धि की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों के आत्मीयता से संवाद कर उनकी जिज्ञासाएं पूछी। इस दौरान कलेक्टर ने संस्थाओं को बच्चों की देखरेख और उनकी पढ़ाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राधेश्याम वर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी सौनिध्य सराठे, शासकीय व अशासकीय बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक प्रबंधक व अन्य स्टाफ मौजूद था।



कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सभी बच्चों से आत्मीयता के साथ दीपावली पर्व और इससे संबंधित अन्य प्रश्न पूछे। बच्चों ने भी इन प्रश्नों के उत्तर दिए। कलेक्टर ने दीपावली पर्व का महत्व और दीपावली पर्व क्यों मनाते हैं, इसके बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्होंने बच्चों से आत्मीयता के साथ पूछा कि आप कौन सी कक्षा में पढ़ाते हैं और बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। कलेक्टर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आईटीआई और अन्य रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करें। दीपावली पर्व पर संस्थान के बच्चों ने अपने हाथों से आकर्षक दीपक तैयार कलेक्टर को प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बाल देखरेख संस्थाओं में कम उम्र के बच्चों और स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने सृजन वात्सल्य शिशु गृह में दत्तक गृहण के प्रकरणों की जानकारी ली। निराश्रित बच्चों को शिशु गृह के माध्यम से पुनर्वासित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सम्प्रेक्षण गृह में जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि शिक्षा विभाग से समन्वय कर गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों की तैयारी के लिए योग्य शिक्षकों को अंशकालिक रूप से सेवा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि बच्चों के बोर्ड परीक्षा की तैयारी अच्छे से हो सके।

## दीपों का त्यौहार दीपोत्सव आज

# लक्ष्मी देवी के स्वागत में विद्युत साज सज्जा रंगोली तोरणद्वार से सजे भवन

**तेंदूखेड़ा।** सुख समृद्धि धन वैभव की देवी मां लक्ष्मी की पूजन का महापर्व दीपावली दीपोत्सव पर आज लोगों ने मां लक्ष्मी के स्वागत पूजन में घर द्वारों भवनों को विद्युत साज सज्जा तोरणद्वार रांगोली से सजाये गये हैं। मुहुर्त में पूजन अर्चन करने लोग तैयारियों में जुटे हुए हैं।फूल मालाओं कमल के फूल को लेकर फूलों की दुकानें सजाई गई है।पिछले साल की अपेक्षा इस बार फूलों के अधिक भाव देखने को मिल रहें हैं। फोटो कलेंडर साज सज्जा वाली दुकानों पर भीड़ बनी हुई है।

**बाजार में रौनक तो रही लेकिन कपड़ा सोने चांदी और वर्तन दुकानों पर अपेक्षा से कम हुआ व्यापार**

इस बार अधिक मानसूनी बारिश के चलते जहां खरीफ मौसम की फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है वहीं अन्य क्षेत्रों में भी इसका बड़ा प्रभाव पड़ रहा है। बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। दीपावली पर्व को लेकर जहां बाजार गुलजार रहा करते थे वहां पिछले आठ दिनों तक बाजार में शांति देखने को मिली। धनतेरस से जरुर चहल-पहल देखने को मिली लेकिन जिस व्यापार की अपेक्षा दुकान दारों को थी वहां केवल औपचारिकता ही नजर आई है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा में जहां हर साल लाखों करोड़ों रुपए का सोने चांदी और लाखों रुपए का वर्तन कपड़ा व्यापार हुआ करता था वहां केवल औपचारिकता ही देखने को मिली है।सोने चांदी व्यापारीयों का कहना था कि इस सोने चांदी के दाम अधिक होने के कारण लोगों ने केवल शगुन के चलते औपचारिकता ही निभाई है। छोटी छोटी सामग्री की ही बिक्री हुई है।यही हाल वर्तन और कपड़ा दुकानों पर देखने को मिला। चूंकि साप्ताहिक शनिवार बाजार होने के कारण जरुर बाजार में अच्छी भीडभाड तो रही लेकिन छुटपुट सामग्री की ही बिक्री रही। पूजन सामग्री और रोज की आवश्यक जरुरतों की बिक्री देखने को मिली।इस बार झाडू की दुकानों को लेकर बाहर से आये व्यापारियों का कहना था कि हर साल की अपेक्षा आधी ग्राहकी ही रही।
ग्रामीण क्षेत्रों से हर साल बड़ी संख्या में मिट्टी के दीपक बिकने घर घर लेकर विक्रेता जाते थे लेकिन इस बार अधिक वारिस के चलते समय से दीपक नहीं बन पाने सुखाने और भट्टा लगाने की समस्या के चलते ग्रामीण क्षेत्रों से मिट्टी के दीपकों की दुकानें कुछ कम ही आई है।देशी मिट्टी के दिये बाजार में कम और कीमत अधिक बनीं हुई है। हर साल की तरह इस वर्ष भी सुरक्षा की दृष्टि से पटाखों की दुकानें स्थानीय नेता जी सुभाष चन्द्र मिनी स्टेडियम बड़ा ग्राउंड में दुकानें लगाई गई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ दुकानें लगीं हुई है।हर साल की अपेक्षा इस बार अधिक दुकानें लगी हुई है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर होगा परेड का आयोजन, दी जाएगी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है, जो उन वीर शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति और सम्मान में आयोजित किया जाता है जिन्होंने देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर इस वर्ष भी पुलिस लाईन में प्रातः 8 बजे परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला पुलिस बल एवं होमगार्ड की टुकड़ियाँ भाग लेंगी। परेड एवं शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और उनके बलिदान को याद किया जाएगा। पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली परेड का पूर्वाभ्यास पुलिस लाइन में किया जा रहा है। इस रिहर्सल का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने परेड की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परेड की व्यवस्था, अनुशासन एवं समन्वय पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, रक्षित निरीक्षक श्रीमती मनोरमा बघेल सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आप सभी जिलेवासियों से नरसिंहपुर पुलिस की अपील है कि उक्त आयोजन में उपस्थित होकर कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## औषधि निरिक्षक ने दवा दुकानों का औचक निरीक्षण कर लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही का अल्टीमेटम



**गोटेगांव।** शुक्रवार को औषधि निरिक्षक देवेंद्र जैन ने नगर कि दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया । जहा पर दुकानों में दवाओं के भंडारण, रिकॉर्ड संधारण, बिलिंग व्यवस्था और लाइसेंस की शर्तों का गहन परीक्षण किया गया। औषधि निरीक्षक ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस दवा बेचना, बिना पर्चे दवा देना या किसी भी अनियमितता पर लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकता है।लाइसेंस और नियमों का पालनदेवेंद्र जैन ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे अपने लाइसेंस की सभी शर्तों का पूरी तरह पालन करें। उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को दी जाने वाली दवाओं के संबंध में विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया। निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और औषधि प्रशासन की टीम समय-समय पर निरीक्षण करती रहेगी।जनता के लिए संदेशऔषधि निरीक्षक ने नागरिकों से अपील की हे कि वे बिना चिकित्सक की सलाह के कोई भी दवा न लें। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अनियमितता की जानकारी विभाग को दें, ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।कड़ी कार्रवाई का अल्टीमेटमनिरीक्षण के दौरान देवेंद्र जैन ने साफ संदेश दिया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस रद्द या निलंबित किया जा सकता है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि जिले में दवा सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित रहे।

## जय श्री राम..जय संकट मोचन हनुमान

# संकटमोचन जी की भव्य महाआरती का आयोजन

**गोटेगांव।** भगवान धन्वंतरि आपके जीवन में आरोग्य समृद्धि और सुख -शांति का अमृत भर देंश्रीधाम -श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती पं दीपक तिवारी जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ प्रसन्न जैन भानु भैया के जन्मोत्सव पर पूजन अर्चन किया गया अंजनीसुत को अमृत पेड़ा का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5वर्षों से भी अधिक समय से एवं 305 वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें पप्पू सोनी, धर्मेंद्र चौबे, सुशील दुबे कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर मुकेश सोनी पंकज नोरिया विजेंद्र ठाकुर एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुईतत्पश्चात प्रसन्न जैन भानु भैया के जन्मोत्सव के उपलक्ष में समिति के सदस्यों के द्वारा तिलक चंदन बंदन माला से सभी सदस्यों ने स्वागत किया एवं हनुमान जी महाराज से उज्जवल भविष्य की कामना की गईइस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय दीपक सराठे प्रसन्न जैन राकेश शर्मा मनोज नामदेव दीपक सोनी नीरज नेमा मुकेश सोनी मुकेश ठाकुर मनीष साहू निहाल अग्रवाल विनोद साहू विमलेश राय अमरनाथ विश्वकर्मा बसंत दुबे किशोर शुक्ला शिवम पटेल धर्मेंद्र विश्वकर्मा राम सिंह पटेल बाबाजी बटुक सेवक अक्षत सराठे, अनुज ठाकुर ऋषि विश्वकर्मा, अभिनंदन अग्रवाल मातृशक्ति से अहिल्या श्रीवास्तव स्नेहलता श्रीवास्तव मंजुला गुप्ता गीता पचौरी निशा पचौरी संगीता चौबे भारती पटेल सारिका अग्रवाल प्रीति पचौरी रानू विश्वकर्मा प्रीति साहू सोनाली नामदेव लीलावती पटेल प्रीति पटेल अनीता राय एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति रही।

राजभोग स्वीट्स रेस्टोरेंट
दीपावली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
शुद्ध मिठाईयां, साउथइंडियन-इडली डोसा,पीजा, चाउमीन राईस, मनचूरियन, आदि उपलब्ध है।
पता: मेन रोड, कंदेली, नरसिंहपुर

दीपावली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
राम कहो नेमा होटल
समस्त प्रकार की शुद्ध मिठाईयां मिलने का एक मात्र प्रतिष्ठान
प्रोप्रा. राजेश नेमा
सुभाष नेमा
सुनील नेमा
पता: मेन रोड, तिलक वार्ड, कंदेली, नरसिंहपुर

दीपावली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री बीकानेर मिष्ठान भंडार
स्पेशल मिठाईयां
मिलने का एक मात्र स्थान
पता: सुभाष पार्क के पास मेन रोड, कंदेली, नरसिंहपुर